बीसीएम स्कूल चंडीगढ़ रोड लुधियाना।

सीनियर सेकेंडरी स्कूल ऑफ बीसीएम फाउंडेशन

केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड द्वारा मान्यता प्राप्त

कक्षा - पाँचवी कार्यपत्रिका विषय – हिन्दी

1)निम्नलिखित गद्यांश पढ़कर पूछे गए प्रश्नों के लिए सही विकल्प चुनें।

सफलता प्राप्त करने के लिए प्रत्येक छात्र का समय की कीमत को समझना अति आवश्यक है।प्रत्येक छात्र को अपनी दिनचर्या की समय-सारणी बनाकर उसका दृढ़ता से पालन करना चाहिए। जिस विद्यार्थी ने समय का सही उपयोग करना सीख लिया, उसके लिए कोई भी काम असंभव नहीं है। कुछ लोग ऐसे हैं जो काम पूरा न होने पर समय की दुहाई देते हैं। वास्तव में सच्चाई इसके विपरीत है। वे लोग अपने आलस को समय की कमी के बहाने छिपाते हैं । कुछ लोगों को निठल्ले रहकर समय बिताना अच्छा लगता है। दुनिया के सफलतम व्यक्तियों ने सदैव कार्यव्यस्तता में ही अपना जीवन बिताया है। उनकी सफलता का रहस्य समय का सदुपयोग रहा है। दुनिया में हर वस्तु का समय निश्चित है। समय बीत जाने के बाद कार्य फलप्रद नहीं होता ।

१) सफलता प्राप्त करने के लिए विद्यार्थी के लिए क्या आवश्यक है?

क. समय की दुहाई देना

ख. समय की कीमत समझना

ग.समय बर्बाद करना

घ. दृढ़ विश्वास बनाए रखना

२)कुछ लोग समय की कमी के बहाने क्या छुपाते हैं?

क. अपनी कमियों को

ख. अपने बातूनीपन को

ग. अपने आलस को

घ अपनी वस्तुओं को

३)कार्य किस स्थिति में फलप्रद नहीं होता?

क. समय न आने पर

ख. समय कम होने पर

ग. समय बीत जाने पर

घ. समय अधिक होने पर

५) दुनिया के सफलतम व्यक्तियों की सफलता का रहस्य क्या है?

क. समय व्यर्थ करना

ख. समय का सदुपयोग

ग. समय की कीमत

घ. बहाने बनाना

५) गद्यांश के आधार पर निम्नलिखित शब्दों के विलोम शब्द लिखिए।

सफलता-

बुरा-

दुरुपयोग -

संभव -

६) निम्नलिखित शब्दों के समानार्थक शब्द लिखें।

छात्र - संसार- अभाव-

2) उचित सर्वनाम लगाकर रिक्त स्थान भरें।

१) आज ....स्कूल नहीं आएगा।

२)..................लिखना पसंद करती हूँ ।

३)... .... मेला देखने जाएँगे।

४) तुम............... हो?

५) ....मुझे फोन किया था।

६) ....बरसात हो रही है।

७) ....तक तुम आए........ तक वह चला गया।

८) ....घर पर आया है।

९) भोजन में......................... गिर गया है।

१०) तुम................... कहोगे, मैं.......... ही करूँगा ।

११) यह काम उसे ....करने दो।

१२) तुम.....................जा रहे हो?

१३) .... घर जाना चाहती है।

१४) आजकल आप............. रहते हैं?